Title: Request to allocate fund for reconstruction of the Babasaheb Bhimrao Ambedkar Samadhi and declare it as a National Monument.

श्री किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व): उपाध्यक्ष महोदय, ६ दिसम्बर को डा. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्य तिथि थी। दादर में शिवाजी पार्क मुम्बई में उनकी समाधि पर दस लाख डाउन ट्रॉडन, दलित भक्त इकट्ठा हुए थे। मैं कहना चाहता हूं कि बाबा साहेब की समाधि की हालत बड़ी खराब है। उसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। लेकिन सी.आर.जेड. और पर्यावरण आदि अन्य कारणों से न तो राज्य सरकार और न ही केन्द्र सरकार रिपेयर या पुनर्निर्माण करा पा रही है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह एक विशेष फंड बनाकर उसमें राशि एलाट करे और नियमों में छूट देकर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की समाधि को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करे।